मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# Department of Mathematics & Astronomy University of Lucknow



Prof. Alok Kumar Rai
Hon'ble Vice Chancellor
University of Lucknow



Mrs. Manju Tripathi
Head Trainer, Mission Black Belt
Coach, U.P. Kung Fu Association

## Celebrates

## "Mission Shakti" Phase-3

## An Initiative by Government of Uttar Pradesh

On

$11^{th}$ September, 2021

11:00 AM onwards



Prof. Poonam Sharma
Head
Dept. Of Mathematics & Astronomy



Prof. Madhurima Lal
Convener, Mission Shakti

**Department of Mathematics & Astronomy**

**University of Lucknow,**

**Lucknow- 226007**

# MISSION SHAKTI

**Phase-III**

## (An initiative by Government of Uttar Pradesh)

## Title- Self Defence: Mission Black Belt

लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित एवं खगोल विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 11 सितम्बर 2021 को मिशन शक्ति के तृतीय चरण के अंतर्गत सेल्फ डिफेन्स: मिशन ब्लैक बेल्ट, कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया, जो कि उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल है।

कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर पूनम शर्मा विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर मधुरिमा लाल कन्वेनर मिशन शक्ति के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मंजू त्रिपाठी उपस्थित रही जो वर्ल्ड कुंग फू चैंपियनशिप- रशिया 2017, USA 2018 एवं थाईलैंड 2019 की विजेता रही है तथा वर्तमान में ड्रैगन अकैडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स की फीमेल डिफेंस प्रोजेक्ट "मिशन ब्लैक बेल्ट" की हेड ट्रेनर है।

प्रोफेसर पूनम शर्मा, विभागाध्यक्ष, ने सभी अतिथियों और प्रतिभगियों का स्वागत करते हुए मिशन शक्ति के तृतीय चरण की विशेषताओं का संछिप्त विवरण दिया। उन्होंने प्रोफेसर मधुरिमा लाल से मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार की विभिन्न योजनाओं का विस्तृत विवरण करने का अनुरोध किया।

मिशन शक्ति की कन्वेनर प्रोफ. मधुरिमा लाल जी ने अपने विचारो को साझा करते हुए बताया कि मिशन शक्ति बच्चों और महिलाओं के शोषण के प्रति एक बचाव अभियान है। उन्होंने यह् भी बताया कि सभी लड़कियों के लिए खुद को तीन रूप से सुरक्षित रखना अति आवश्यक है; (1) सुरक्षा की दृष्टि से सभी आपातकालीन हेल्प लाइन नंबर याद रखना, (2) अपने को स्वस्थ रखना एवं (3) अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी रखना। उन्होंने छात्राओं के साथ साथ छात्रों को भी मिशन शक्ति से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

मिशन शक्ति के बारे में जानकारी देने के बाद प्रोफेसर पूनम शर्मा ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू त्रिपाठी जी का स्वागत किया और उनसे मिशन ब्लैक बेल्ट व महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया। श्रीमती मंजू त्रिपाठी ने कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में मिशन शक्ति के उद्देश्य एवं उपयोगिताओं पर प्रकाश डालते हुए सेल्फ डिफेंस की तकनीकिया बताई एवं वीडियो के माध्यम से दर्शाया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों पर भी चर्चा की एवं महिला की शिक्षा, सम्मान एवं सुरक्षा में पुरुषों के अहम योगदान पर भी बल देते हुए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों एवं सुरक्षा नियमों की भी विस्तृत जानकारी दी।

श्रीमती मंजू त्रिपाठी जी ने बताया कि, **सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव है,** साथ ही उन्होंने आत्मरक्षा के सही मायने समझाए। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा का मतलब है हर तरह की हिंसा चाहे वो मौखिक हो या शारीरिक दोनों से अपनी रक्षा करना ही आत्मरक्षा है। उन्होंने आत्मरक्षा के तकनीकी सिद्धांत भी बताये। जो कि इस प्रकार है ; (1) शांत रहिए अर्थात चालाक रहिए और मौका देखकर खुद की रक्षा करिए और भागने का प्रयास करिये। (2) अगर आक्रमणकारी के निकट है तो ही आप उस पर प्रहार कर अपना बचाव करिए । (3) यदि शारीरिक संघर्ष की आवश्यकता है तो कानों के ऊपर, गले या चेहरे पर तेज प्रहार करिए। (4) प्रहार के साथ साथ अपने हाथों से अपना बचाव, अपने चेहरे का और अपने सर का बचाव करिए। (5) आक्रमणकारी का संतुलन बिगाड़ के उसे जमीन पर गिराने की कोशिश करिये, बहुत ज्यादा संघर्ष न करके मौका देखकर स्वयं का बचाव के लिए स्थल से भागने का प्रयास करिए और मदद लेने की कोशिश करिये।

इसके अलावा उन्होंने अपराधियों के मनोविज्ञान के विभिन्न चरणों का विवरण किया । पहला चरण- शिकार तय करना। दूसरा चरण- शिकार को काबू करना। तीसरा एवं चौथा चरण - महिला के लिए सबसे मुश्किल समय जब महिला पर काबू पा लिया गया हो। उन्होंने बताया कि हमें कैसे इन सब परिस्थितिओं में स्वयं का बचाव करना है और अपराधी से सतर्क रहना है। उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा की जो कि इस प्रकार है; (1) किसी भी महिला को स्वेच्छानुसार अविवाहित रहने का अधिकार है। (2) स्त्री धन का अपनी इच्छा अनुसार उपयोग करने का अधिकार। (3) शादी के बाद भी महिला की सहमति के बिना पति को संबंध बनाने का अधिकार नहीं है। (4) महिला को अपनी इच्छा अनुसार रोजगार का अधिकार। (5) शादी के बाद नाम न बदलने का अधिकार।

उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए निर्धारित कई आईपीसी धाराओं जैसे धारा 294, 312/315, 406, 493, 490, 499, 288 की विस्तृत विवेचना की । इसके साथ ही उन्होंने महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइनसेव, 108 एम्बुलेंस सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, के बारे में भी बताया। उन्होंने अनुरोध किया कि महिलाओं की शिक्षा को भी अहम् माना जाए एवं उनकी शिक्षा को बीच में रोका न जाए, साथ ही कोशिश की जाए की उनका विवाह उनकी शिक्षा के पूर्ण होने के बाद ही किया जाय। दहेज प्रथा, बाल विवाह, एवं रूढ़ीवादी सोच आदि कुरीतियों का विरोध करने पर ज़ोर दिया। अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने वीडियो द्वारा सेल्फ डिफेंस की तकनीकियों को दर्शाया एवं उनका उपयोग बताया।

श्रीमती मंजू त्रिपाठी जी के ज्ञानवर्धक व्याख्यान के बाद प्रोफेसर पूनम शर्मा, विभागाध्यक्ष , ने उनका औपचारिक रूप से धन्यवाद किया। अंत में डॉ अनुपमा रस्तोगी जी ने श्रीमती मंजू त्रिपाठी, प्रोफेसर मधुरिमा लाल, प्रोफेसर पूनम शर्मा, डॉ अलका मिश्र एवं सभी उपस्थित शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आभार प्रकट करते हुये कार्यक्रम का समापन किया।

Department of Mathematics & Astronomy

University of Lucknow,

Lucknow- 226007

# MISSION SHAKTI

## Phase-III


### (An initiative by Government of Uttar Pradesh)

### Title- Self Defence: Mission Black Belt


















*Some Glimpse of the Event held on September 11, 2021*